प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 09.04.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 अप्रैल को प्रस्तावित वाराणसी दौर को लेकर मुख्य सचिव मनोज कुमार और पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने आज की समीक्षा : तैयारियों को पूरा करने के दिये निर्देश।
2. प्रदेश सरकार ने राज्य कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 2 प्रतिशत बढ़ाया : 16 लाख कर्मचारी होंगे लाभान्वित।
3. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में विश्व नवकार महामंत्र दिवस पर कार्यक्रम को किया संबोधित : कहा– जैन तीर्थंकरों की पावन भूमि रहा है उत्तर प्रदेश।
4. वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 लागू : प्रधानमंत्री ने नये वक्फ संशोधन अधिनियम को बताया सामाजिक न्याय की दिशा में महत्वपूर्ण कदम। और
5. अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के प्रथम तल के गर्भगृह में 30 अप्रैल को स्थापित किया जायेगा राम दरबार : जून में होगा तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह।

————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 अप्रैल को प्रस्तावित वाराणसी दौरे की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी क्रम में प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार और पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने आज वाराणसी पहुंच

कर तैयारी की समीक्षा की। वाराणसी के कमिश्नर कौशल राज शर्मा, पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल और जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मुख्य सचिव ने युद्ध स्तर पर सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। बाइट.....

*ये वीवीआईपी विसित शेड्यूल्ड है ये ग्यारह तारीख के लिए और उसमें लाव एंड ऑर्डर सिक्योरिटी की व्यवस्था जो लोग आएँगे कार्यक्रम में भाग लेने के लिए उनको समय पे वहाँ पहुँचने और बाकी सारी सिक्योरिटी की व्यवस्था का जायजा लेने के लिए हम लोग यहाँ पर आए हुए थे और कमिश्नर साहब और सभी डिपार्टमेंट के ऑफिसर्स के साथ बैठक हुई और सभी तैयारियां लगभग पूर्ण है और काफी मुस्तैदी के साथ जिला प्रशासन इस कार्यक्रम को अंजाम देगा।*

इस दौरान मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक ने पुलिस लाइन में स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित कैंटीन का उद्‌घाटन किया। साथ ही वाराणसी के पुलिस व्यवस्था को सुदृण करने के लिए फैंटम दल को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

——————

प्रदेश सरकार ने राज्य कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 2 प्रतिशत बढ़ा दिया है। अब राज्य कर्मचारियो को 53 प्रतिशत के बजाय 55 प्रतिशत की दर सेमहंगाई भत्ता दिया जाएगा। यह निर्णय 1 जनवरी 2025 से प्रभावी होगा। इससे लगभग 16 लाख कर्मचारी लाभान्वित होंगे।

——————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में विश्व नवकार महामंत्र दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश की धरती जैन तीर्थंकरों की पावन भूमि रही है। सभी तीर्थंकरों का जीवन लोक कल्याण के लिए समर्पित रहा है। उन्होंने कहा कि नवकार महामंत्र आज भी हम सबके लिये प्रेरणा बना हुआ है। बाइट.....

*नौकार महामंत्र आज भी हम सब के लिए एक नई प्रेरणा बनी हुई है। दुनिया के अंदर न केवल जैन परंपरा को मानने वाले बल्कि उस हर भारतीय के मन में जिसने सभी पूज्य तीर्थंकरों के उपदेशों से प्रेरणा लेकर के जीवन जीने की इस कला को आगे बढ़ाया है, उन सभी से प्रेरणा लेने का कार्य करता है।*

————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल इन्वेस्ट–यूपी के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि इन्वेस्ट यूपी को मॉडल इन्वेस्टमेंट प्रमोशन और फैसिलिटेशन एजेंसी के रूप में कार्य करना होगा। इसके लिए उन्होंने विशेषज्ञों की सेवाएं लेने के निर्देश दिए। पेश है एक रिपोर्ट.....

*कल शाम इन्वेस्ट यूपी के कार्यों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने निवेश मित्र की पुनर्संरचना के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने सिंगल विंडो एक्ट लागू करने को भी कहा है कि जिसके अंतर्गत बड़े निवेश के लिए औद्योगिक विकास विभाग द्वारा एकल स्वीकृति मिलने की व्यवस्था हो। उन्होंने इन्वेस्ट यूपी के अंतर्गत एक चेज़िंग सेल का गठन करने को भी कहा है, जिसमें अलग–अलग इंडस्ट्रियल सेक्टर के विशेषज्ञों को सम्मिलित किया जाएगा। श्री*

*योगी ने निर्देश दिए कि औद्योगिक विकास विभाग द्वारा वैश्विक क्षमता केंद्र, फुटवियर एंड लेदर पॉलिसी, सर्विस सेक्टर पॉलिसी, फिनटेक और फाइनेंसियल सर्विस पॉलिसी और बायोटेक पॉलिसी यथा शीघ्र तैयार कर प्रस्तुत की जाएं और इन्वेस्ट यूपी शासी निकाय की छमाही बैठकें आयोजित की जाएं। आकाशवाणी समाचार कक्ष से शैलेन्द्र शर्मा।*

————

**वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 लागू हो गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा विधेयक को मंजूरी दिए जाने के बाद सरकार ने अधिसूचना जारी कर दी है। नए कानून का उद्देश्य वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन को सुव्यवस्थित करना है, जिसमें विरासत स्थलों की सुरक्षा और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने के प्रावधान हैं। इसका उद्देश्य संपत्ति प्रबंधन में पारदर्शिता बढ़ाकर, वक्फ बोर्डों और स्थानीय अधिकारियों के बीच समन्वय को सुव्यवस्थित करना और हितधारकों के अधिकारों की रक्षा करना भी शामिल है।**

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल एक कार्यक्रम में कहा कि संसद से वक्फ संशोधन विधेयक 2025 पारित होना सामाजिक न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मुस्लिमों सहित सभी समुदायों की हित–रक्षा में इस विधेयक को पारित करने के लिए संसद को बधाई देते हुए प्रधानमंत्रो ने कहा कि अब वक्फ की शुचिता संरक्षित रहेगी और वंचित वर्गों, महिलाओं और बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा होगी। बाइट.....**

*साथियों मैं देश की संसद को सर्व समाज के हित में, मुस्लिम समाज के हित में एक शानदार कानून बनाने के लिए बधाई देता हूँ। अब वक्फ की पवित्र भावना की भी रक्षा होगी और गरीब पसमांदा मुसलमान, महिला, बच्चे सबके हक भी महफूज़ रहेंगे।*

———————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में आज कई अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की उप–योजना के रूप में कमांड एरिया डेवलपमेंट और जल प्रबंधन के आधुनिकीकरण को स्वीकृति दी है। इस योजना का उद्देश्य मौजूदा नहरों या अन्य स्रोतों से निर्देशित क्लस्टर में सिंचाई के लिये जल आपूर्ति नेटवर्क का आधुनिकीकरण करना है। बाइट.....

*सीरीज ओएफ डिसीजन्स लिए गए हैं प्रधानमंत्री मोदी जी की इस हिस्टोरिक थर्ड टर्म में जिसमें किसानों की जिंदगी में किसानों की खेती करने के तरीके में एक मूल चूल एक मजोर परिवर्तन आए उसमें आज एक बहुत इम्पोर्टेंट स्कीम। जो की सब स्कीम है पीएम कृषि सिंचाई योजना का सब स्कीम है वो अप्रूव की गयी है और ये पायलट प्रोजेक्ट हैं। करीब आईटी थाउजेंड फमर्स के साथ स्टार्ट करेंगे इसको और स्टार्ट करके फिर उसका जो अनुभव आएगा उसके हिसाब से इसका आगे फैसला लिया जाएगा। बहुत बड़ा चंगे है ये।*

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केन्द्रीय मंत्रिमंडल द्वारा प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना को लेकर लिये गये फैसले पर आभार जताया है।

————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि मनोरंजन, दुनिया के सबसे बड़े उद्योगों में से एक है और आने वाले समय में इसका और विस्तार होगा। एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि कला और संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए, भारत सरकार अगले महीने मुंबई में विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन–वेव्स का आयोजन कर रही है। उन्होंने कहा कि वेव्स भारतीय कलाकारों को अपनी सामग्री बनाने और उसे वैश्विक मंच पर ले जाने के लिए सशक्त बनाएगा।

————

अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया पर राम दरबार को प्रथम तल के गर्भगृह में स्थापित कर दिया जाएगा। मंदिर के प्रथम तल पर राम

दरबार और परकोटा में छह मंदिरों की स्थापना होगी। इनमें सूर्य, भगवती, अन्नपूर्णा, शिवलिंग, गणपति और हनुमान जी की मूर्तियां शामिल हैं। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि 15 अप्रैल के बाद जयपुर से इन मूर्तियों को अयोध्या लाने का काम शुरू होगा। जून में तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन होगा। बाइट....

*हमारा सुझाव विचार है की तीस अप्रैल अक्षय तृतीया के दिन राम दरबार को अपने स्थान पर प्रवेश करा दे। पहली मंजिल का गर्भ गया। ये सब तैयारियाँ है। तब अपने स्थान आरोप स्थापित हो जाएँगी। तब जून वास में कोई दिन सोचेंगे। सभी ट्रस्टी आ जायेंगे और एक साथ प्राण प्रतिष्ठा कर दी जाए। प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन तीन दिवसीय होगा। जो भी प्रमुख दिन तय होगा उसके दो दिन पहले से शुरू करेंगे। जलवास अन्न वास, औषधिवास सही आवास लेकिन जून में इस काम को अवश्य ही सम्पन्न करेंगे।*

———————

आईपीएल क्रिकेट में आज अहमदाबाद में गुजरात टाइटन्स का मुकाबला राजस्थान रॉयल्स से हो रहा।

———————

पश्चिमी यूपी के कई जनपदों में आज भीषण गर्मी का प्रकोप जारी रहा। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने और गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, अंबेडकरनगर, आजमगढ़ समेत आसपास के जनपदों में गरज चमक के साथ बारिश की संभावना व्यक्त की है।

(समाप्त)